आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-129 कटनी ● शुक्रवार, 11 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## फ्लाइंग टैक्सी हुई पेश



कई कंपनियां अपनी फ्लाइंग टैक्सियों के वर्जन को विकसित करने पर काम कर रही हैं जो व्यावसायिक रूप से इस्तेमाल भी हो सकती हैं। इस बीच अमेरिका की आर्चर एविएशन ने हाल ही में अपनी फ्लाइंग टैक्सी को पेश किया है। यह एक उड़ने वाली टैक्सी है जिसमें बैठकर उड़ने का आपका सपना जल्द पूरा हो सकता है।

## आज मुकुल रॉय की घर वापसी?



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा को एक और झटका लगने वाला है। दरअसल, भाजपा के बड़े नेता मुकुल रॉय ने घर वापसी यानी टीएमसी में लौटने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि वह आज दोपहर अपने बेटे सुभ्रांशु के साथ तृणमूल कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं।

## सियासत का शुक्रवार

## जितिन को मंत्री पद का प्रसाद?



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल यानी 2022 में होना है, लेकिन सियासी घमासान लगभग छिड़ चुका है। इसका नतीजा यह है कि भारतीय जनता पार्टी में ही सबसे ज्यादा उठापटक चल रही है। इसके मद्देनजर सीएम योगी को आनन-फानन में दिल्ली आना पड़ गया। इस बीच उत्तर प्रदेश में कैबिनेट विस्तार पर भी अटकलें लगने लगी हैं। कहा जा रहा है कि दो दिन पहले कांग्रेस से भाजपा में आए जितिन को मंत्री पद का प्रसाद मिल सकता है। उन्हें जुलाई में एमएलसी बनाया जा सकता है। इसके अलावा पूर्व आईएएस अरविंद कुमार शर्मा को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में जुलाई के दौरान पांच सीटों के लिए एमएलसी चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि जितिन प्रसाद को इनमें से एक सीट पर एमएलसी बनाया जा सकता है। दरअसल, भाजपा को काफी समय से कद्दावर ब्राह्मण चेहरे की तलाश थी। माना जा रहा है कि यह तलाश जितिन प्रसाद के रूप में खत्म हो रही है।

## नाराज पायलट को मनाएंगी प्रियंका?



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरुवार को अपने गुट के विधायकों के साथ बैठक कर राज्य में सियासी सरगर्मियां तेज कर दी। ऐसे इसलिए कि पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद अटकलें तेज हो गई कि सचिन पायलट भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। हालांकि सचिन पायलट और उनके समर्थकों की ओर से कोई बयान नहीं जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि सुलह कमेटी की रिपोर्ट को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट नाराज हैं। कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को मनाने की कोशिश की है, इसी कड़ी में गुरुवार की देर रात कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने फोन कर उनसे बातचीत की। इसके अलावा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी उन्हें मनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सचिन पायलट शुक्रवार को दिल्ली पहुंच सकते हैं। इससे पहले अपने पिता (राजेश पायलट) की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए वह दौसा पहुंच कर नमन किया।




### कांग्रेस का हल्लाबोल

लगातार बढ़ रही डीजल-पेट्रोल की कीमतों और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्लाबोला है। आज पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता पेट्रोल पंपों पर बढ़े दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी शामिल नहीं हैं। वहीं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट राजस्थान में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा कई और वरिष्ठ नेता भी शहरों में प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे हैं।

## मोदी केबिनेट का जल्द होगा विस्तार



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिपरिषद विस्तार इस महीने हो सकता है। मंत्रिपरिषद में फेरबदल और बदलाव के लिए 23 मंत्रालयों का चयन किया गया है। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुकुल रॉय को विस्तार पर चर्चा के लिए जल्द बुलाया जा सकता है। एनडीए में शामिल सहयोगी दलों से विचार विमर्श शुरू कर दिया गया है। कई मंत्रियों के निधन और अन्य कारणों से सरकार में दर्जन भर मंत्रियों के पास एक से अधिक मंत्रालयों का जिम्मा है। विस्तार के जरिए ऐसे मंत्रियों का बोझ कम किया जाएगा। विस्तार पर चुनिंदा नेताओं के साथ इस महीने की शुरुआत में ही चर्चा की जानी थी। सोनोवाल को दिल्ली बुलाया गया था। जबकि विमर्श के लिए ही सिंधिया विदेश यात्रा से पहले हफ्ते ही वापस लौट आए थे। इस बीच उत्तर प्रदेश के घटनाक्रम के कारण विमर्श में देरी हुई। अब कहा जा रहा है कि जल्द ही इन नेताओं के साथ विमर्श का सिलसिला शुरू किया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोदी मंत्रिपरिषद में शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी है।

## मोदी-योगी की हो रही मुलाकात



**नई दिल्ली।** उत्तर उत्तर प्रदेश में 2022 में विधानसभा चुनाव होना है। इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज (11 जून) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात कर रहे हैं। बता दें कि सीएम योगी यूपी भवन से पीएम आवास पहुंच चुके हैं और 10.45 बजे पीएम मोदी से उनकी बातचीत शुरू हो गई। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक में यूपी के मिशन 2022 पर चर्चा हो सकती है। साथ ही, कैबिनेट विस्तार पर भी मुहर लग सकती है। दावा किया जा रहा है कि दो दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले जितिन प्रसाद को मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें जुलाई में एमएलसी बनाया जा सकता है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बाद 12.30 बजे सीएम योगी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ भी बैठक करेंगे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रपति कोविंद से भी मुलाकात का वक्त मांगा है। माना जा रहा है कि करीब डेढ़ बजे उनकी मुलाकात हो सकती है।

## फटाफट खबरें



### फिल्ममेकर आयशा सुल्ताना के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** बीते कई दिनों से केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप विवादों में है। इस बीच अब लक्षद्वीप पुलिस ने गुरुवार यानी 10 जून को फिल्म निर्माता आयशा सुल्ताना के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया है। आयशा पर टेलीविजन पर बहस के दौरान जैविक हथियार वाली टिप्पणी को लेकर राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं। भाजपा की लक्षद्वीप इकाई के अध्यक्ष अब्दुल खादर ने कवरत्ती पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अब्दुल खादर का कहना है कि सुल्ताना ने कोविड-19 के प्रसार के बारे में झूठी खबर फैलाई थी।

### कोरोना संक्रमण के चलते उत्तराखंड बोर्ड की 12वीं की परीक्षा निरस्त

**देहरादून।** कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड बोर्ड की 12वीं की परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। सभी छात्र-छात्राओं को प्रमोट किया जाएगा। जो बच्चे समझते हैं कि उन्हें कम अंक देकर प्रमोट किया गया है उन्हें परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा।

### शिवराज को मिला मेहनत का फल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर



आम के पेड़ पर लगे फल का फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि मेहनत का फल शायद इसे ही कहते हैं। ट्वीट में सीएम शिवराज ने बताया कि %मेरे द्वारा 16 अगस्त 2016 को लगाये गए आम के पेड़ में फल आ गए हैं। आप भी जब पौधा लगाएंगे, उसकी देखभाल करेंगे और जब वह पेड़ बड़ा होकर आपको फल देगा, तो मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उससे ज़्यादा आनंद की अनुभूति आपको नहीं होगी। सीएम ने पचमढ़ी में यह पौधा लगाया था।

## चौथे दिन एक लाख से कम केस

### 24 घंटे में 3403 मौतें, सक्रिय मामले 12 लाख से कम



**नई दिल्ली।** देश में लगातार चौथे दिन कोरोना वायरस के दैनिक मामले एक लाख से कम दर्ज किए गए हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 91,702 नए मामले सामने आए और 1,34,580 मरीजों ने इस खतरनाक वायरस को मात दी और अपने घर वापस लौट गए। हालांकि इस दौरान एक बार फिर कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा तीन हजार के पार चला गया है।

### पॉजिटिविटी रेट 4.49 फीसदी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में लगातार चौथे दिन 24 घंटे में कोविड-19 के एक लाख से कम 91,702 नए मामले सामने आए, जिससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,92,74,823 हो गई है। नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर भी कम होकर 4.49 प्रतिशत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 3,403 और लोगों की वायरस के संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 3,63,079 हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 11,21,671 हो गई है, जो कुल मामलों का 3.83 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मामलों में कुल 46,281 की कमी आई है।

### 24.60 करोड़ लोगों को लगा टीका

आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 32,74,672 वैक्सीन लगाई गईं, जिसके बाद कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा 24,60,85,649 हुआ। नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर 4.49 प्रतिशत है। पिछले 18 दिन से संक्रमण की दैनिक दर 10 प्रतिशत से कम बनी हुई है। वहीं, संक्रमण की साप्ताहिक दर भी कम होकर 5.14 प्रतिशत हो गई है। संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या लगातार 29वें दिन संक्रमण के नए मामलों से अधिक रही।

### राष्ट्रीय दर 94.93 फीसदी

देश में अभी तक कुल 2,77,90,073 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर भी बढ़कर 94.93 प्रतिशत हो गई है। कोविड-19 से मत्यु दर 1.24 प्रतिशत है।

## हाय ये महंगाई: पेट्रोल-डीजल की कीमतों ने तोड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** महंगे पेट्रोल-डीजल से जनता पहले ही परेशान है और आज यानी शुक्रवार को तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दोबारा बढ़ोतरी कर दी है। आज भारतीय बाजार में पेट्रोल 29 पैसे प्रति लीटर और डीजल 28 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। इसके बाद तेल की कीमत उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली की बात करें, तो यहां चार मई से लेकर अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 23 बार बढ़ोतरी हो चुकी है। इसके साथ ही अब तक दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 5.30 रुपये और डीजल की कीमत 5.84 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। आज दिल्ली में पेट्रोल का दाम 95.85 रुपये जबकि डीजल का दाम 86.75 रुपये प्रति लीटर है। भोपाल में पेट्रोल 104.01 रुपये और डीजल 95.35 रुपये प्रति लीटर रहा। रांची में पेट्रोल 92.08 रुपये और डीजल 91.58 रुपये प्रति लीटर रहा। चंडीगढ़ में पेट्रोल 92.19 रुपये और डीजल 86.40 रुपये प्रति लीटर रहा। पेट्रोल राजस्थान के श्री गंगानगर में 106.94 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं डीजल की कीमत 99.80 रुपये प्रति लीटर रही।मालूम हो कि आज पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ता विभिन्न पेट्रोल पंप पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस विरोध प्रदर्शन में कोरोना वायरस संबंधित सभी दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा। बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने का काम तेल कंपनियां करती हैं। डीलर पेट्रोल पंप चलाने वाले लोग हैं। वे खुद को खुदरा कीमतों पर उपभोक्ताओं के अंत में करों और अपने स्वयं के मार्जिन जोड़ने के बाद पेट्रोल बेचते हैं। पेट्रोल रेट और डीजल रेट में यह कॉस्ट भी जुड़ती है।

### प्रमुख महानगरों में कीमत

आज दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमतें इस प्रकार हैं।

| शहर | डीजल | पेट्रोल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 95.85 | 86.75 |
| मुंबई | 102.04 | 94.15 |
| कोलकाता | 95.80 | 89.60 |
| चेन्नई | 97.19 | 91.42 |

### कमलनाथ स्वस्थ



**भोपाल, गुड़गांव।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। उनका स्वास्थ्य अब बेहतर है। मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने कमलनाथ के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्हें दो-तीन दिन से बुखार होने के कारण मेदांता हॉस्पिटल में रूटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया था।

## BRO के दो केंद्रों का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में सीमा सड़क संगठन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़क,पुल,हवाई क्षेत्र और सुरंगों के लिए उत्कृष्टता केंद्र और सड़क सुरक्षा और जागरूकता के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उनूहोंने कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही, बीआरओ दूरदराज के इलाकों में सड़क, सुरंग और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर, राष्ट्र की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि सबसे महत्वपूर्ण कॉम्पोनेंट है कनेक्टिविटी। कनेक्टिविटी के लिए, भीषण सर्दी, गर्मी, बरसात, बर्फबारी जैसी कठिनाइयों के बीच भी हमारे बीआरओ के कर्मी, बिना थके और थमे लगातार काम करते चले आ रहे हैं। पिछले पांच-सात सालों में, ब्त्व् ने और भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। संगठन जितना बड़ा होता है, उसका प्रबंधन भी उतना ही जटिल होता है। ऐसे में आज लॉन्च हो रहे चारों सॉफ़्टवेयर, संगठन के कामों में दक्षता लाएंगे, उनका समय भी बचाएंगे। इनका निर्माण, आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया अभियान की भी सफलता का प्रतीक है।

### सुप्रीम कोर्ट ने परमबीर सिंह की याचिका खारिज करते कहा..

## जिनके घर कांच के हों, वह दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सिंह से कहा कि जिनके घर शीशे के हो वो दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते हैं। परमबीर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ शुरू किए गए सभी जांचों को महाराष्ट्र के बाहर स्थानांतरित करने की गुहार लगाई थी।जस्टिस हेमंत गुप्ता की अध्यक्षता वाली



अवकाशकालीन पीठ ने परमबीर सिंह से कहा, आप महाराष्ट्र आईपीएस कैडर का हिस्सा हैं। आपने 30 साल राज्य की सेवा की है। अब आप यह नहीं कह सकते कि आप राज्य के बाहर अपनी पूछताछ चाहते हैं। आपको अपने पुलिस बल पर संदेह नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा है कि अब आपको अपने राज्य पर भरोसा नहीं है। एक चौंकाने वाला आरोप है। पीठ ने कहा, जिनके घर शीशे के हो वो दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं मारते। पीठ ने कहा कि इस याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत के रुख को देखते हुए सिंह के वकील महेश जेठमलानी ने याचिका को वापस ले लिया।

## वैक्सीनेशन के बाद शरीर पर चिपकने लगा लोहा?



**मुंबई।** कोविड19 की रोकथाम के लिए लगाई जा रही वैक्सीन को लेकर पहले से ही कई भ्रांतियां लोगों को मिसगाइड कर रही हैं इस सबके बीच नासिक से खबर आ रही है कि यहां एक व्यक्ति के शरीर में वैक्सीनेशन के बाद अजीब तरह का परिवर्तन हुआ है। उनके शरीर में लोहा एवं स्टील चिपकने लगा है। मानव शरीर के अंदर कोई चुंबकीय शक्ति पैदा हो गई हो। नासिक महाराष्ट्र के इस व्यक्ति का नाम अरविंद सोनार बताया गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जो अरविंद के परिवार द्वारा बनाया गया है। इस वीडियो में उनके शरीर पर घर में उपयोग किए जाने वाले स्टील के बर्तन चिपके हुए दिखाई दे रहे हैं। नासिक के समाचार पत्रों में डॉ अशोक थोरात का बयान भी प्रकाशित हुआ है जो इस समाचार की पुष्टि कर रहे हैं। डॉ अशोक ने बताया कि उन्होंने अरविंद की जांच की है। फिलहाल वह कोई टिप्पणी नहीं कर सकते लेकिन इस पर रिसर्च करना जरूरी है। डॉ अशोक के अनुसार अरविंद की जांच रिपोर्ट को शासन के पास भेजा जा रहा है। महाराष्ट्र शासन के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग छात्रा से संबंध पर शादीशुदा शिक्षक को निकाह का फरमान

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में दसवीं की छात्रा से अवैध संबंध बनाने वाले शिक्षक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सौंपने की जगह गांव के पंचों ने शिक्षक के पक्ष में छात्रा से शादी का फैसला सुना दिया। बेटी की उम्र की नाबालिक छात्रा से शिक्षक को निकाह करने का फरमान पंचों ने सुनाया। वह भी तब जब यह पता है कि नाबालिग से शादी करना और कराना भी एक जुर्म है। बेटी की संबंधों की चर्चा और गांव में हो रही बदनामी से पीड़ित परिवार ने तो पंचों का फैसला मान लिया पर शिक्षक के पिता ने प्रॉपर्टी में बंटवारे की आशंका पर अपनी आपत्ती दर्ज करा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक अगर अपनी पहली पत्नी के बच्चों के नाम आधी प्रॉपर्टी की रजिस्टर्ड वसीयत करता है तब ही वह शादी करने देंगे।

## दहशतगर्दों की कायराना हरकत, सोपियां में सुरक्षाबलों की नाका पार्टी पर फायरिंग



**श्रीनगर।** कश्मीर के शोपियां में आतंकियों ने हमला किया है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त नाका पार्टी को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। बता दें कि शोपियां के लिटर अग्लर इलाके में तैनात नाका पार्टी को आतंकियों ने दूर से निशाना बनाकर कई राउंड फायरिंग की। इसके बाद आतंकी फरार हो गए। हमलावरों की तलाश में इलाके की घेराबंदी कर अभियान शुरू किया गया है। आपको बता दें कि कश्मीर में पाकिस्तान रह रह कर अशांति की कोशिश करता है।




## वेस्टर्न ड्रेस में पहुंचीं पार्लियामेंट तो कभी गैंगरेप के आरोपी के साथ होटल में रुकीं

### विवादों का दूसरा नाम नुसरत जहां



**नई दिल्ली।** नुसरत जहां अपनी कथित शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने 2019 में विदेशी धरती पर निखिल जैन से शादी की थी। अब नुसरत ने इस शादी को अवैध करार दिया है जिसके बाद वह यूजर्स के निशाने पर आ गईं हैं। नुसरत जहां का जन्म 8 जनवरी, 1990 को बंगाल में हुआ था। नुसरत ने साल 2010 में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसी साल वह फेयर वन मिस कोलकाता बनी थीं। 2011 में नुसरत जहां को उनकी पहली फिल्म बंगाली शोत्रु मिली। नुसरत जहां ने एक्ट्रेस से सांसद बनने तक का सफर भी बखूबी तय किया है। बंगाल की बशीरहाट सीट से चुनाव लड़ने वाली नुसरत जहां ने करीब 3.5 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। अपनी शादी के बाद जब नुसरत पहली बार संसद पहुंचीं और शपथ ली इस दौरान उनके गले का मंगलसूत्र और मांग का सिंदूर चर्चा का विषय बना। इसी के चलते नुसरत जहां के खिलाफ देवबंद के धर्मगुरुओं ने फतवा जारी कर दिया। उनका कहना था कि मुस्लिम लड़कियों को सिर्फ मुस्लिम लड़कों से ही निकाह करना चाहिए। साल 2012 में नुसरत जहां का नाम एक रेप केस से जुड़ा था। फरवरी 2012, में पार्क स्ट्रीट पर एक चलती कार में एक एंग्लो-इंडियन महिला के साथ गैंग रेप किया गया था। इसके आरोप में कादर खान समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। सभी ये बात जानकर हैरान रह गए थे कि नुसरत जहां कादर खान की गर्लफ्रेंड थीं।

### मां दुर्गा वाले फोटो शूट पर मचा था बवाल

नुसरत जहां ने मां दुर्गा के अवतार में फोटोशूट कराया था। बता दें कि नुसरत जहां ने 20 सितंबर को महालया के मौके पर दुर्गावतार की ये तस्वीरें साझा की थीं। मान्यता है, कि महालया के दिन ही मां दुर्गा कैलाश पर्वत से पृथ्वी पर आती हैं और इसी दिन से दुर्गा पूजा की तैयारियों की शुरुआत हो जाती है। लेकिन कुछ कट्टरपंथियों को उनका ये अंदाज पसंद नहीं आया। जिसके बाद सांसद ने शिकायत दर्ज करवाई थी और सुरक्षा की मांग की थी।

# अमगवां में ग्रामीणों ने दिखाई गजब की जागरुकता

## मेगा वेक्सीनेशन कैम्प का आयोजन, 777 ने लगवाया कोरोना का टीका









**कटनी।** कोरोना टीकाकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर सभी विकासखण्डों में कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरुकता और टीकाकरण केन्द्र में अधिक से अधिक वेक्सीनेशन को लेकर कार्य हो रहा है। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को रीठी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमगवां में बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय के निर्देशन में वृहद वेक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 777 ग्रामीणों ने उत्साह और उमंग के साथ कोरोना का टीका लगवाया और अपना सुरक्षा कवच पाया। विधायक श्री पाण्डेय ने ग्रामीणों को कोरोना टीकाकरण का महत्व बताया। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये यह टीका बेहद जरुरी है। अपने परिवार के बचाव के लिये आप टीकाकरण जरुर करायें। मैने खुद कोरोना का टीका लगवाया है। यह पूरी तरह सुरक्षित है। किसी भी भ्रम में ना आयें। प्राथमिकता पर टीका लगवायें। इस दौरान एसडीएम बलबीर रमन और सीईओ जनपद प्रदीप सिंह ने भी ग्रामीणों को कोरोना टीके के लाभ बताये। उनके मन में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया। वृहद टीकाकरण कैम्प में दिव्यांग सौरभ ने भी उत्साह के साथ कोरोना का टीका लगवाया और समाज तथा अपने गांव को टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान विधायक श्री पाण्डेय, एसडीएम श्री रमन और सीईओ श्री सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सौरभ को सम्मानित भी किया। साथ ही अन्य टीकाकरण कार्य में सलंग्न टीम को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार राजेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार प्रियंक नेताम, बीआरसी विनीत गौतम, बीएमओ बबिता सिंह, जनशिक्षक विपिन तिवारी सहित अन्य जन भी मौजूद रहे।

### विधायक एवं कलेक्टर की पहल, टीकाकरण कराने वालों को किया सम्मानित

## 4694 लाभार्थियों को लगाई गई कोविड-19 वैक्सीन

### 18 से 44 आयुवर्ग के 3820 लाभार्थियों ने भी कराया वेक्सीनेशन

**कटनी।** जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का



वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 10 जून को कुल 4694 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 692 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 27 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसके साथ ही 7 हेल्थकेयर वर्कर्स को सेकेण्ड डोज का टीका लगाया गया है। वहीं फ्रंटलाईन वर्कर्स में 3 को दूसरे डोज का वेक्सीनेशन किया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 150 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज एवं 40 लाभार्थियों को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं जिले में 18 से 44 आयुवर्ग के 3820 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। जिसमें 3700 को कोविड-19 वेक्सीन का फर्स्ट डोज और 120 को सेकेण्ड डोज भी लगाया गया है।

### 11 जून को जिले में नहीं होगा कोविड-19 का टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि शुक्रवार 11 जून को जिले में किसी भी केन्द्र पर टीकाकरण सत्र का आयोजन नहीं होगा।

## किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर से भरवा सकेंगे एलपीजी सिलेंडर

**कटनी।** अब रसोई गैस यानी एलपीजी उपभोक्ता अपनी सुविधा के हिसाब से किसी भी कंपनी के वितरक से गैस सिलेंडर रिफिल करा सकेंगे। मसलन, अगर कोई उपभोक्ता हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का ग्राहक है और उसे इंडियन ऑयल से सिलेंडर लेना ज्यादा सुविधाजनक लगता है तो वह बिना किसी औपचारिकता के ऐसा कर सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय जल्द ही कुछ शहरों में इस प्रकार की सुविधा को पायलट रूप में शुरू करने जा रहा है। पायलट चरण में यह सुविधा गुरुग्राम हरियाणा, पुणे महाराष्ट्र, रांची झारखंड, चंडीगढ़ और कोयंबटूर तमिलनाडु में उपलब्ध होगी। उसके बाद इसे देशभर में लागू किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक उपभोक्ता मोबाइल एप या ग्राहक पोर्टल के माध्यम से जब एलपीजी सिलेंडर के लिए बुकिंग करेंगे तो उन्हें वितरकों की सूची रेटिंग के साथ दिखेगी। ग्राहक एलपीजी सिलेंडर रिफिलिंग के लिए अपने क्षेत्र से कोई भी उपलब्ध वितरक चुन सकता है। इसका लाभ यह भी होगा कि सभी वितरक कंपनियां अपनी-अपनी सेवाओं को बेहतर करेंगी ताकि ग्राहक उनसे सेवा ले। वितरकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी।



## टैम्पिंग मशीन से कम समय में हो रहा रेल टैक का मेंटीनेंस

### पमरे ने मैकेनाइज्ड अनुरक्षण में छुए नए आयाम, एक साल मं 10 हजार किलोमीटर से अधिक का अनुरक्षण




**कटनी।** वर्तमान में न केवल यात्री परिवहन में दिनोंदिन बढ़ोत्तरी हो रही है, बल्कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी रेलवे नये मापदंडों को स्थापित कर रहा है। रेलवे ने यात्री परिवहन और माल ढुलाई दोनों में बेहतर गति देने के लिए हर तरह के प्रयास और रखरखाव के साधनों को अपनाया है। रेल पटरियों में गति एवं लोडिंग क्षमता में नए आयाम कायम स्थापित करने के लिए ट्रैक को सुदृढ़ बनाया गया है तथा उसके अनुरक्षण के लिए भी ट्रैकमैन की मेहनत के साथ, उच्च तकनीक मशीनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। नए स्टैंडर्ड से ट्रैक का वजन भी ज्यादा होता है तथा रेलों की लंबाई भी ज्यादा होती है। गति बढ़ने से ट्रैक की पैकिंग भी उच्च स्तर का करना पड़ता है तथा दूर की नजर से अलाइनमेंट और लोंगिट्यूडनल लेवल को भी ठीक करना पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा अत्याधुनिक टैम्पिंग मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। टैम्पिंग मशीन द्वारा रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित अनेकों प्रकार के कार्य सरलता से किये जाते हैं। टैम्पिंग मशीन द्वारा कार्य में लागत अत्यधिक कम आती है और साथ ही रेल ट्रैक की भारी संरचना के कार्य को भी सरल एवं सुरक्षित तरीके से कर देती है, इससे ट्रैक कर्मियों की सुरक्षा भी बनी रहती है। रेल ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन बढ़ने से टैम्पिंग मशीन का महत्व बढ़ गया है। विशेषकर ट्रैक पर तेज गति की यात्री गाड़ियां एवं भारी माल वाहक माल गाड़ियां का परिचालन 24 घण्टे होता है। ऐसे व्यस्त समय में टैम्पिंग मशीन कम समय के ब्लॉक में अधिक, विश्वसनीय, उच्च गुणवत्तायुक्त कार्य सुरक्षित तरीके से करती है। मशीन को उपयोग करने के लिए गिट्टी की भराई, फिश प्लेट की सही जांच परख एवं स्लीपरों की गुणवत्ता के बाद इन टैम्पिंग मशीनों का इस्तेमाल किया जाता है। ट्रेकमेन द्वारा टैम्पिंग मशीन के पहले प्री और पोस्ट टैम्पिंग का कार्य किया जाता है। इन कार्यों के लिए उनको उच्च तकनीक का प्रशिक्षण तथा मशीन की टेक्नीशियन के साथ तालमेल बैठाने और उनसे ट्रेनिंग लेने का काम भी किया जाता हैं।

### तीन प्रकार की मशीनों से हो रहा कार्य

जानकारी के मुताबिक पश्चिम मध्य रेल में तीन प्रकार की टैम्पिंग मशीन से उपयोग कर ट्रैक का रखरखाव उच्च तकनीक से किया जा रहा है। जिसमे 3 3 में 4 मशीनों द्वारा कार्य किया जाता है। एक साथ 3 स्लीपरों को पैक करती है। अर्थात 2200 स्लीपरों यानी 1.6 किमी ट्रैक प्रति घण्टे में पैक करती है। इसी तरह सीएसएम मशीन में 6 मशीनों द्वारा कार्य किया जाता है। एक साथ दो स्लीपरों को पैक करती है। अर्थात 1600 स्लीपरों यानी 1 किमी टैंक प्रति घण्टे में पैक करती है। ड्यूमेटिक में 12 मशीनों द्वारा कार्य किया जाता है। एक साथ दो स्लीपरों को पैक करती है। अर्थात 1200 स्लीपरों यानी 0.8 किमी टैंक प्रति घण्टे में पैक करती है।

### आधुनिक मशीन के साथ ट्रैक स्टेबेलाजर का भी उपयोग

पमरे ने सबसे आधुनिक मशीन के साथ ट्रैक स्टेबेलाजर का भी उपयोग करना शुरू किया है, जो भारतीय रेल में उच्च तकनीक के प्रयोग का प्रमाण है। इसी प्रकार पश्चिम मध्य रेल पर तीनों मण्डलों में 22 टैम्पिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल में टैम्पिंग मशीन से 10600 किमी का ट्रैक रखरखाव किया गया। टैम्पिंग मशीन के उपयोग से रेलवे के कई फायदे भी हुए हैं। इस उच्च तकनीक के उपयोग से गति में वृद्धि और कॉशन ऑर्डर कम समय के लिए लेना पड़ता है। मेंटेनेस में कम खर्चा लगता है तथा ये काफी लंबे समय तक के लिए मेनटेन रहते हैं। इन मशीन की लाइफ 15 वर्ष तक रहती हैं। इससे ट्रैक की उच्च विश्वनीयता, प्रतिधारण और संरक्षा सुनिश्चित होती है। इसे उच्च गुणवत्ता के चलते कम समय में ज्यादा उत्पादन किया जा सकता है। उच्च मानक ट्रैक मेंटेनेस के कारण जर्क रहित होने से यात्रियों के लिए सुविधाजनक है।

## ,_´_ •/£ ØÙ_ _· ˇ_ `a_U _ U_a_ _ U,_U



### 8 साल में 30, बाद के 2 साल में ताबड़तोड़ 70 कार्रवाई, 25 लाख रुपये का जुर्माना

**कटनी।** खाने पीने की वस्तुओं में मिलावट कर समाज में जहर घोल रहे मिलावटखोरों के खिलाफ हाल के दो वर्षों में ताबड़तोड़ कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। नागरिक बताते हैं कि कार्रवाई के बाद खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार तो हुआ है लेकिन इस मामले में अभी भी और ज्यादा कार्रवाई की गुंजाइश है। 2011 से 8 साल में मिलावट के लगभग 30 मामले सामने आए हैं तो 2019 से 2021 के दो साल के दौरान 70 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मिलावटखोरों पर करीब 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गयाए इसमें 80 प्रतिशत राशि जमा हुई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि बीते दो वर्षों के दौरान मिलावट के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद दर्ज मामलों में वृद्धि हुई है। 70 से ज्यादा मामलों में 25 लाख रुपये जुर्माने में 80 प्रतिशत राशि जमा हुई है। जिले में बीते 10 वर्षों के दौरान मिलावट के 19 मामले आइपीसी की धाराओं में दर्ज किया गया। इन मामलों की सुनवाई सिविल न्यायालय में चल रही है। जानकार बताते हैं कि ऐसे मामलों में आर्थिक जुर्माने के साथ जेल में समय बिताने की सजा भी होती है। मिलावट के मामलों में ठोस कार्रवाई के लिए 2019 में प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया गया। इसके बाद बीते वर्ष मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के जानकार बताते हैं कि मिलावट को लेकर सरकार द्वारा चलाए गए ये दो बड़े अभियान रहे हैं। इसी का असर रहा है कि दो वर्षों के दौरान मामले भी ज्यादा दर्ज हुए हैं। मिलावट और जुर्माने के इन मामलों में रोचक बात यह है कि कई बार ऐसे भी मामले सामने आए जब हर माह लाखों रूपये का टर्न ओवर होने के बाद भी जुर्माना लगाए जाने के दौरान आरोपी बेहद गरीब बन जाते हैं। जुर्माना लगने के दौरान ऐसे लोग कहते हैं कि साहब गरीब लोग हैं किसी तरह गुजारा चल रहा है, इसलिए जुर्माना कम लगाया जाए।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. बलदेव सिंह — MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन — पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल — हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी — BDS डेंटल सर्जन — कटनी के सुप्रसिद्ध — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. आकिर हुसैन | डॉ. अनिमेष गुप्ता
दवाईयां एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं. 8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
मेडिसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग, शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी, नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड, सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध



## जिले में 9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** कटनी जिले में 1 जून से 10 जून तक कुल 38.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले की कुल सामान्य वर्षा 1124.4 मिमी है। गतवर्ष इस अवधि में कुल वर्षा 0.4 मिमी दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जून को कुल 9 मिमी औसत वर्षा कटनी जिले में दर्ज की गई है। तहसीलवार दज वर्षा अनुसार 10 जून को कटनी तहसील में 7.6मिमी, रीठी तहसील में 10.0 मिमी, बड़वारा तहसील में 1.0 मिमी, बरही तहसील में 11.0 मिमी, विजयराघवगढ़ तहसील में निरंक, बहोरीबंद तहसील में 15.6 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील अन्तर्गत 14.0 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील अन्तर्गत 13.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिये गठित समिति की बैठक 14 को

कटनी। जिले में ऑक्सीजन की उपलब्धता की मॉनीटरिंग के लिये गठित जिलास्तरीय समिति की बैठक 14 जून को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से होगा। इस बैठक में समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

## ओपन बुक प्रणाली से होंगी कॉलेज की परीक्षाएं

### रादुविवि ने जारी किया टाईम-टेबिल




**कटनी।** बी.कॉम., बी.एस-सी., बी.ए. के तृतीय वर्ष एवं बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर, एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर एवं बी.ए.एल.एल.बी. दशम सेमेस्टर की समस्त परीक्षाएं ओपन बुक प्रणाली के माध्यम से जून 2021 में सम्पन्न होने जा रही हैं। इनका टाईम-टेबिल विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थियों के प्रश्नपत्र रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे। बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. और बी.कॉम. ऑनर्स तृतीय वर्ष के प्रश्नपत्र दिनांक 12.06.2021 को, बी.एस-सी./बी.एच.एस-सी. तृतीय वर्ष के प्रश्नपत्र दिनांक 14.06.2021 को और बी.ए. तृतीय वर्ष के प्रश्नपत्र दिनांक 16.06.2021 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जायेंगे। इसी प्रकार बी.एड./बी.एड. साईन्स चतुर्थ सेमेस्टर, एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर एवं बी.ए.एल.एल.बी. दशम सेमेस्टर के प्रश्नपत्र दिनांक 25.06.2021 को अपलोड किये जायेंगें। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 10.06.2021 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षार्थी ए-4 आकार की उत्तरपुस्तिका बनाकर अपनी हस्तलिपि में उत्तर लिखेंगे। इसके लिये वे नीले या काले बॉल पेन का प्रयोग करेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उत्तरपुस्तिका के मुख पृष्ठ पर परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, नामांकन क्रमांक, महाविद्यालय का नाम, विश्वविद्यालय का नाम, विषय, प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका में हस्तलिखित कुल पृष्ठों की संख्या दर्ज करेंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिये अलग-अलग उत्तरपुस्तिका तैयार होगी। परीक्षार्थी सभी उत्तरपुस्तिकाओं को एक साथ प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न कर उस महाविद्यालय में जमा करेंगे जहां वे अध्ययनरत हैं। बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए. और बी.कॉम. ऑनर्स तृतीय वर्ष की उत्तरपुस्तिकायें दिनांक 15.06.2021 से 17.06.2021 तक, बी.एस-सी./ बी.एच.एस-सी. तृतीय वर्ष की उत्तरपुस्तिकायें दिनांक 18.06.2021 से 20.06.2021 तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की उत्तरपुस्तिकायें दिनांक 21.06.2021 से 23.06.2021 तक जमा होंगी। बी.एड./बी.एड. साईन्स चतुर्थ सेमेस्टर, एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर एवं बी.ए.एल.एल.बी. दशम सेमेस्टर की उत्तरपुस्तिकायें दिनांक 30.06.2021 से 02.07.2021 तक जमा होंगी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 11 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## डामलीकरण नहीं तो कम से कम गड्ढे तो भरवाए नगर परिषद

### एसीसी पार्किंग यार्ड के सामने की सड़क जर्जर, ज़ख्मी हो रहे राहगीर

**कैमोर।** कैमोर नगर के लालनगर क्षेत्र में इन दिनों मुख्य सड़क का एक हिस्सा बेहद जर्जर और खतरनाक रूप ले चुका है। बमुश्किल सौ दो सौ मीटर के इस हिस्से में कई बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे हैं जिनमें गिरकर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे। नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से जल्द से जल्द इस जर्जर सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि बारिश मौसम में अगर डामरीकरण सम्भव न हो तब भी सडक के गड्ढे भरकर उसे चलने लायक तो बनाया ही जा सकता है।





बताया गया कि डेढ़ दो साल पहले जब झुकेही से लेकर भटूरा तक कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा था तब नगर परिषद क्षेत्र का लालनगर से लेकर अमारियापार तक के हिस्से को छोड़ दिया गया था। पिछले साल एसीसी द्वारा पेट्रोलपंप से लेकर अमारियापार तक कांक्रीट रोड़ के लिए कार्यादेश जारी किए गए। जनवरी 2021 में कार्य आरंभ हुआ। अब पेट्रोल पंप से अमारियापार तक कि सड़क लगभग बनकर तैयार है पर लालनगर में दिलावर भाईजान के घर से लेकर थाने के नज़दीक पुलिया तक कि सड़क पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह सड़क नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती है। लगभग तीन-चार साल पहले नगर परिषद द्वारा यहां डामलीकरण का कार्य कराया गया था। सड़क पर लगातार पानी बहाए जाने और कई टन वजनी वाहनों के भारी संख्या में आवागमन के कारण सड़क का डामल पूरी तरह उखड़ कर बह चुका है। मेघदूत रोड लाइंस से लेकर पुलिया तक सड़क पर कई बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। एसीसी यार्ड के सामने हालत सबसे खराब हैं। यहां कई बार दुपहिया और चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। अभी चार दिन पहले ही कैमोर थाने में पदस्थ एक आरक्षक की बाइक गड्ढे में गिर गई थी। इस हादसे में आरक्षक जख्मी होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे। सड़क के गड्ढों में पानी भरा होने के कारण आस्-पास के दुकानदारों को भी परेशानी हो रही। बताया गया कि एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों के वाहन रोज सुबह शाम यहीं से निकलते हैं। एसडीएम तो नगर परिषद की प्रशासक भी हैं अगर वे आदेश करें तो नगर परिषद को उनके आदेश का पालन करना ही होगा पर नगर की अन्य समस्याओं की तरह इस समस्या पर भी उनका रवैया उदासीन ही दिख रहा। नागरिकों ने एसडीएम सहित नगर परिषद के सीएमओ से भी सड़क के इस हिस्से का सुधार जल्द कराये जाने का आग्रह किया है।

## कोविड-19 से बचाव हेतु टीकाकरण कराने के निर्देश

**कटनी।** जिले के समस्त पेंशन



हितग्राहियों, वरिष्ठजनों, कल्याणी, परित्यक्ता, ट्रांसजेण्डर एवं दिव्यांगजनों को कोविड-19 से बचाव के लिये टीकाकरण कराया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त, जिले के समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ तथा नगर परिषदों के सीएमओ को निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएमएचओ, सिविल सर्जन से समन्वय करते हुये सुविधा अनुसार अपने निकाय अंतर्गत निवासरत वरिष्ठजनों, कल्याणी, परित्यक्ता, ट्रांसजेण्डर एवं दिव्यांगजनों को कोविड-19 से बचाव के लिये टीकाकरण करायें। इसके साथ ही आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई गूगल शीट में दर्ज कर सूचित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये हैं।



## वैक्सीन के प्रति जागरूकता लाने तपस्या की मुहिम रंग लाई

### पहले दिन ही 60 लोगों ने लगवाया कोरोना का टीका





**कैमोर।** समाज सेवी कार्यो से कैमोर छेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले स्वयं सेवी संगठन तपस्या ग्रुप ने अब लोगों को कोरोना वैक्सीन के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी ली है।तपस्या द्वारा शुरू की गई इस मुहिम को पहले ही दिन एक बड़ी कामयाबी तब मिली जब खलवारा बाजार क्षेत्र के 60 लोगों ने तपस्या कार्यालय पहुंच कर वैक्सीन लगवाई। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों तपस्या ग्रुप द्वारा 10 मिनट की एक लघु फिल्म बनाई थी जिसमें ग्रामीण इलाकों में रहने वालों की भ्रांतियों को दूर करते हुए वैक्सीन लगवाने के संदेश दिया गया था। ठेठ देहाती बोली में बनी इस लघु फ़िल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। खुद पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी ने समाज मे जागरूकता लाने वाली इस लघु फ़िल्म की सराहना करते हुए तपस्या के कलाकारो का उत्साह बढ़ाया था। तपस्या के इन्ही प्रयासों को देखते हुए विजयराघवगढ़ की एस डी एम प्रिया चन्द्रावत ने तपस्या के संचालक मनीष नवैत से सम्पर्क कर लोगो को वैक्सीन के प्रति जागरूक करने सहयोग मांगा था।तपस्या ग्रुप ने उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए कल 10 जून से ही इसकी शुरुआत तपस्या कार्यालय में वैक्सिनेशन से कर दी। कैमोर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ मोहिता दीक्षित के मार्गदर्शन में खलवारा बाजार स्थित तपस्या कार्यालय में सुबह 11 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ हुआ। शाम 4 बजे तक 60 लोग यहां टीका लगवाने पहुंचे। तपस्या के संचालक मनीष नवैत ने बताया कि अगर वैक्सीन की उपलब्धता रही तो आगे भी तपस्या कार्यालय में टीकाकरण कार्य जारी रखा जाएगा।

## लॉकडाउन में बिना अनुमति हो गया भवन का निर्माण

### सीएम हेल्पलाइन में की गई थी शिकायत

**कटनी।** शहर में पिछले कुछ समय में बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण किए जाने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद भी नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही करने से परहेज किया जा रहा है। 52 दिनों के लॉकडाउन का फायदा उठाते कतिपय लोगों ने ऊंची-ऊंची बिल्डिंग तान दी। निर्माण में नियम-कायदों का ध्यान तक नहीं रखा गया। ऐसा ही एक मामला दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास का सामने आया है। सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत के बाद नगर निगम के कार्यपालन यंत्री द्वारा नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी किए जाने के बाद भी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए भवन का निर्माण जारी है। शिकायतकर्ता ने नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में बताया जाता है कि शिकायतकर्ता जीतू ठाकुर द्वारा विगत 8 फरवरी को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी कि दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने श्रीमती राधा गुप्ता द्वारा नगर निगम से बिना नक्शा पास कराए भवन का निर्माण करते हुए दुगड़ी नाला की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जिस पर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री द्वारा 16 मार्च को एक नोटिस जारी करते हुए दस्तावेजों के साथ जबाव पेश करने के लिए कहा गया था लेकिन इसके बावजूद कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन लागू हो गया। इस दौरान निर्माण जारी रहा। जिससे नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इस मामले में कलेक्टर से कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।



**नगर निगम ने जारी किया था नोटिस, कार्यवाही करने से किया परहेज**

### नगर निगम के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

लॉकडाउन के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए भवनों और व्यवसायिक स्थलों का निर्माण किया गया। नगर निगम के अधिकारियों के पास लगातार शिकायतें भी पहुंची लेकिन इस मामले में कतिपय अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। कई मामलों में तो कार्यवाही केवल नोटिस तक ही सीमित रही। अधिकारियों ने पूरे मामले में सेटिंग करते हुए मामले को ही दबा दिया। जांच की जाएगी तो इस तरह के कई मामले उजागर होंगे।

### इनका कहना है

लॉकडाउन के दौरान बिना नक्शा पास कराए निर्मित भवनों की जांच कराई जा रही है। दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने के बिना अनुमति निर्माण को नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

**-सत्येन्द्र सिंह धाकरे, आयुक्त, नगर निगम कटनी**



## चिन्हित स्थलों से ही सब्जी,फल का क्रय-विक्रय



**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों एवं व्यवसायियों को फ्ल एवं सब्जी क्रय-विक्रय की सुविधा सहित कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के उद्धेश्य से नगर के विभिन्न चिन्हित पृथक - पृथक स्थलों में थोक एवं फुटकर सब्जी, फ्ल व्यवसाय हेतु स्थलों का चयन किया गया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों से ही पूर्ण सुरक्षा के साथ सब्जी फ्ल का व्यवसाय कराने के उद्धेश्य से निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया जाकर अनाधिकृत स्थलों पर बैठकर व्यवसाय करने वाले सब्जी, फ्ल विक्रेताओं को चिन्हित स्थलों से ही नियमानुसार व्यवसाय करनें हेतु भेजनें की कार्यवाही की जा रही है। निगम की अतिक्रमण दीम के सदस्यों द्वारा नगर के मुख्य स्थलों सिल्वर टॉकीज रोड, महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, गोल बाजार रामलीला मैदान, बिलैया तलैया सब्जी मंडी साहित नगर के अन्य स्थलों का निरीक्षण किया जाकर सब्जी व्यवसाईयों को चिन्हित स्थल फारेस्टर प्लेग्राउण्ड एवं मुख्य मार्गो के फल ठेला संचालकों को साधूराम स्कूल से ही व्यवसाय करनें हेतु भेजनें की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिन्हित सब्जी फ्ल व्यवसाय स्थलों ट्रांसपोर्टनगर पुरैनी थोक सब्जी मंडी, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड स्थित मैदान, माधवनगर उत्कृष्ट स्कूल के सामनें मैदान, एन.के.जे बजरिया सहित अन्य स्थलों में संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु आवश्यक साफ-सफाई, सोशल डिस्टेंसिंग के पालन हेतु चूने की लाइनिंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाकर प्रोटोकाल के साथ व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करानें की कार्यवाही की गई।

## सोडियम हाईपोक्लोराइड घोल से सैनेटाईजेशन का कार्य जारी



**कटनी।** कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के दौरान बाजारों में बढनें वाली भीड को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा एवं कोरोना महामारी के संक्रमण के प्रसार को पूर्ण रूप से समाप्त करनें के उद्धेश्य से जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशों के परिपालन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन के सैनेटाइजेशन अमले द्वारा नगर के विभिन्न रहवासी/सार्वजनिक में रोजाना सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव कार्य अनवरत जारी है। सैनेटाईजर प्रभारी पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें हेतु जारी सेनेटाईजेशन अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थलों राय कॉलोनी स्थित बालक छात्रावास परिसर, माधवनगर उपकार्यालय, बाबा माधवशाह हास्पिटल एवं गुरूद्वारा परिसर, समदडिया कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, रंगनाथ मंदिर परिसर, रेल्वे कॉलोनी एवं बरगवां के विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाइजेशन की कार्यवाही की गई।

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/1001 /वाहन विभाग 2021- 22 — कटनी, दिनांक - 07.06.2021

**पंचम निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था हेतु इनोवा वाहन किराये पर लिये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंट/गाड़ी मालिकों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम कटनी में अथवा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी को होगा। समस्त वाहन टैक्सी परमिट में होना अनिवार्य होगा।

| क्रं. | वाहन का प्रकार | दर प्रतिमाह | | | | | | अमानत राशि निविदा | प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डीजल रहित चालक रहित | | डीजल रहित चालक सहित | | चालक सहित डीजल सहित | | | |
| | | 12 घंटे | 24 घंटे | 12 घंटे | 24 घंटे | 12 घंटे | 24 घंटे | | |
| 1. | 01 नग इनोवा क्रिस्टा वाहन (टोयोटा) | | | | | | | 8000/- | 2000/- |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 10/06/2021 को सायंकाल 5:30 बजे से।
(2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/06/2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक।
(3) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 28/06/2021 प्रातः 11:00 बजे।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
. }vfi-yw|xyfi

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन: 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण



# अब मिलेगा सिर्फ शुद्ध सरसों का तेल वर्ना होगी जेल,लागू हुआ नया नियम

कटनी। सरसों के तेल में अब किसी तरह का खाद्य तेल मिलाना जुर्म होगा। आठ जून से इसपर रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर अब जेल भी हो सकती है। अब बाजार में सिर्फ शुद्ध सरसों का तेल मिलेगा और उस पर लिखा भी होगा 100 प्रतिशत शुद्ध सरसों का तेल। अब आपको बाजार में सिर्फ शुद्ध सरसों का तेल ही मिलेगा। कंपनियां शुद्ध सरसों तेल के नाम पर मिलावट वाला तेल नहीं बेच सकेंगी। उसमें किसी तरह का खाने वाला तेल नहीं मिलाया जाएगा। अगर ऐसा किया तो कंपनी को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उनपर कार्रवाई हो सकती है। कंपनियां सिर्फ शुद्ध सरसों का तेल ही बेचेंगी और उन्हें तेल के टिन, डिब्बे, पाउच या बोतल पर लिखना भी होगा कि इसमें 100 प्रतिशत शुद्ध सरसों का तेल है। आठ जून से भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण सरसों के तेल में ब्लेंडिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।



### 8 जून से लागू हुआ नया नियम

बीते 8 मार्च 2021 को एफएसएसएआई ने सरसों के तेल में किसी भी तरह के खाद्य तेलों की मिलावट पर रोक लगाते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी थी। जिसके अनुसार आठ जून से सरसों तेल कंपनियों को ब्लेंडिंग के नाम पर दूसरे खाद्य तेलों की मिलावट न करने का आदेश लागू हो गया है। साथ ही कंपनियों को यह अंकित भी करना होगा कि 100 फीसदी सरसों का तेल है।

### मिलावट पर लगेगी लगाम

अब सरसों के तेल का दाम कम रखने के नाम पर कारोबारी इसमें दूसरे खाद्य तेलों की बेरोकटोक मिलावट करते थे। तेल को सस्ता करने के नाम पर इसमें राइस ब्रॉन और पॉमोलीन ऑयल की मिलावट भी की जाती थी। तेल कारोबारियों के अनुसार ब्लेंडिंग में सरसों का तेल 20 प्रतिशत से नीचे नहीं रखा जा सकता था जबकि 80 प्रतिशत दूसरे खाद्य तेल मिलाए जा सकते थे। नए नियम के बाद ऐसा करना नियम विरुद्ध होगा और इसके लिये जेल भी हो सकती है। उधर इस आदेश को लेकर कारोबारियों का भी कहना है कि इस नियम से जहां ग्राहकों को शुद्ध सरसों का तेल मिलेगा वहीं बाजार में वही कारोबारी रहेंगे।

### अभी होती थी मिलावट

अब तक जो सरसों का तेल बाजार में बिक रहा था उसमें दूसरे खाद्य तेल मिलाया जाता था। हालांकि सरसों के तेल में खाद्य तेलों की थोड़ी मात्रा मिलाने की अनुमति तो थी पर खाद्य तेल का कारोबार करने वाले इसका फायदा उठाकर ज्याद मिलावट कर देते थे। इसमें राइस ब्रॉन ऑयल जैसे सस्ते तेल मिलाए जाते थे। जिसके बारे में ग्राहकों को जानकारी नहीं होती थी।

### ब्रांड देखकर तसल्ली कर लेते थे उपभोक्ता

उपभोक्ता ब्रांड देखकर इस बात की तसल्ली कर लेते हैं और पूरे भरोसे के साथ खरीदते हैं। पर अब तक इस बात की गारंटी नहीं थी कि जो तेल वो खरीद रहे हैं, वह 100 फीसदी सरसों का तेल ही है। पर असल में उस बोतल में कई और खाद्य तेल भी मिले होते थे जो अक्सर बहुत ज्यादा भी होते थे। इसके बारे में उपभोक्ता को पता नहीं चल पाता था। पर अब एफएसएसएआई के नए नियम से ऐसा नहीं हो पाएगा।

## कैमोर, विजयराघवगढ़ में भी अब शाम 8 बजे तक खुलेंगी दुकानें

### एसडीएम के आदेश जारी होने के बाद भी पटवारी ने 7 दुकानों के काटे चालान





**कैमोर।** कैमोर-विजयराघवगढ़ कटनी जिला मुख्यालय में दुकानें खुलने का समय बढ़ाकर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक किये जाने के चार दिन बाद अब विजयराघवगढ़, कैमोर और बरही में भी दुकानों का समय बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में एस डी एम द्वारा 9 जून को ही आदेश जारी कर दिए गए थे जिसकी जानकारी व्यापारियों को कल 10 जून की शाम को सोशल मीडिया से मिली।हालांकि 9 जून के इस आदेश के बाद भी कल 10 जून की सुबह विजयराघवगढ़ हल्का पटवारी के नेतृत्व में पहुंची प्रशासन की टीम ने समय से पहले दुकानें खोले जाने पर आधा दर्जन से भी अधिक दुकानों के चालान काट कर जुर्माना वसूल किया।

गौरतलब है जिला प्रशासन द्वारा पहले दुकानें खोले जाने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया था। कटनी के व्यापारियों की मांग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा 7 जून को एक आदेश जारी कर दुकानों का समय बढ़ाकर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक कर दिया गया था। कटनी में समय बढ़ाये जाने के बावजूद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही में दुकानें खुलने और बंद होने के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। यहां सुबह 10 से पहले और शाम 6 बजे के बाद दुकानें खुली पाये जाने पर दुकानों के चालान काटे जाते रहे।9 जून की शाम विजयराघवगढ़ के संकट मोचन चौराहे पर 7 बजे दुकान खुली पाए जाने पर दो हज़ार का चालान काटा गया।10 जून की सुबह 9 बजे पटवारी और नगर परिषद की टीम ने समय से पहले दुकानें खोले जाने पर 7 दुकानों से जुर्माना वसूल किया।पटवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। एक जुट होकर विजयराघवगढ़ के व्यापारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और दुकानों का समय बढ़ाये जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों की इस समस्या को कल 9 जून के यश भारत में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।अंततः कल शाम एस डी एम का एक आदेश जारी हुआ जिसमें दुकानों का समय बढ़ाकर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक किये जाने का उल्लेख है। दुकानों का समय 4 घन्टे बढ़ जाने से व्यापारियों को थोड़ा राहत मिली है।हालांकि इसके बाद भी इस बात की चर्चा है कि आदेश जब 9 तारीख को जारी हो गए थे तो 10 तारीख़ को दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई क्यों की गई।

यश भारत इफेक्ट

### कैमोर में मुनादी कर दी गई सूचना

एसडी एम द्वारा दुकानों का समय बढ़ाये जाने पर कल रात कैमोर नगर परिषद प्रशासन द्वारा मुनादी करा कर इसकी सूचना व्यापारियों को दी गई।आज 11 जून को भी इसी आशय की मुनादी कराई गई पर विजयराघवगढ़ में नगर परिषद प्रशासन द्वारा दोपहर तक भी व्यापारियों को मुनादी अथवा अन्य किसी माध्यम से इसकी सूचना नहीं दी गई।यहां के व्यापारी आज भी असमंजस में रहे।

परिवहन की आड़ में फिजूलखर्ची, परिवहनकर्ता को लाभ पहुंचाने का खेल

## बहोरीबंद में भंडाारित हो रहा सतना-रीवा का गेहूं



**कटनी।** अधिकारी किस तरह फिजूलखर्ची करते हैं, इसका जीता जागता उदाहरण इस समय बहोरीबंद में देखने को मिल रहा है। बहोरीबंद स्थित ओपन कैप के पास स्थित धर्मकांटे के सामने गेहूं से लोड ट्रकों की कतार लगी हुई। यहां रीवा और सतना जिले में खरीदा गया 20 हजार मिट्रिक टन गेहूं लाकर ओपन कैप में भंडारित किया जा रहा है। खास बात यह है कि रीवा और सतना से गेहूं लाकर बहोरीबंद में भंडारित किया जा रहा है लेकिन बहोरीबंद में किसानों से की गई खरीदी के बाद गेहूं का भंडारण बहोरीबंद में न करते हुए जबलपुर जिले के सिहोरा में किया जा रहा है। अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवहनकर्ता को फायदा पहुंचान के उद्देश्य से अधिकारियों ने यह पूरा खेल रचा है। ऐसे में गेहूं परिवहन के नाम पर लाखों रुपये की फिजूलखर्ची हो रही है। इस पूरे मामले में विपणन विभाग के अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि सतना और रीवा का गेहूं कटनी के बहोरीबंद और बहोरीबंद का गेहूं सिहोरा में भंडारित करने के आदेश भोपाल से जारी हुए हैं। जिला विपणन अधिकारी शिखा वर्मा के अनुसार सतना-रीवा से गेहूं लाकर कटनी के बहोरीबंद में भंडारण भोपाल से जारी आदेश के परिपालन में हो रहा है। इस बारे में कटनी से हम कुछ नहीं कर सकते हैं। भोपाल के निर्देश पर ही बहोरीबंद का गेहूं सिहोरा में भंडारित करवाया जा रहा है। लगातार बदलते मौसम और ओपन कैप में अनाज की सुरक्षा में बरती जा रही लापरवाही के बाद इस बार गेहूं खरीदी के बाद ओपन कैप में भंडारित नहीं करने के निर्देश पहले ही जारी हुए हैं। कटनी में इसके बाद भी ओपन कैप में गेहूं का भंडारण किया जा रहा है। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि बंद वेयर हाउस में जगह नहीं हैं। गेहूं के सुरक्षित भंडारण के लिए जगह की कमीं नहीं हो इसके लिए वेयर हाउस किराए पर लेने की तैयारी चल रही है। जानकर ताज्जुब होगा कि गेहूं खरीदी प्रारंभ होने से पहले से चल रही गोदाम किराए पर लेने की प्रक्रिया अब तक फाइलों तक सीमित है। इस बीच ओपन कैप में गेहूं भंडारण के बाद बारिश में हजारों क्विंटल गेहूं के खराब होने की आशंका है।

### महत्वपूर्ण जानकारी

1. 38 हजार 604 किसानों से इस साल हुई गेहूं खरीदी।
2. 2 लाख 43 हजार 848 मिट्रिक टन की हुई खरीदी।
3. 2 लाख 42 हजार 811 एमटी गेहूं का परिवहन।
4. 2 लाख 25 हजार 339 मिट्रिक टन गेहूं स्वीकृत।

## जागरूकता रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निद्रेशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रसार से बचाव एवं आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लानें के उद्धेश्य से निगम की सहयोगी संस्था द्वारा नगर के विभिन्न वार्ड में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सीवर एवं सैप्टिक टेंक की सुरक्षित सफाई की जानकारी प्रदाय करनें हेतु सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचलयों के आस पास एवं नगर के विभिन्न वार्डो में घर - घर दस्तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत आज प्रातः वीर सावरकर वार्ड में सिंधी स्कूल से कटर्नी डिग्री कॉलेज तक के भवनों में घर घर दस्तक अभियान चलाया जाकर स्थानीय निवासियों को सीवर एवं सैप्टिक टैक की सुरक्षित सफाई करानें एवं इनसे संबंधित शिकायतों का निराकरण टोल फ्री नंबर 14420 के माध्यम से करानें की जानकारी प्रदान की गई। टीम के सदस्यों द्वारा वार्ड की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाकर जन सामान्य को स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जाकर अपनें घरों के आसपास स्वच्छता बनाये रखनें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करनें, अनलॉक के दौरान बाजार क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के प्रसार से सुरक्षा हेतु चेहरे पर मास्क लगानें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें एवं साबुन से हांथ धुलनें अथवा सेनेटाईजर का उपयोग करनें की समझाईश दी गई।

## जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने प्रारंभ की गई अपराध सूचना सेवा

### नागरिक वॉट्सअप नंबर 75876-33268 पर दे सकते हैं आपराधिक गतिविधियों की सूचना

**कटनी।** जिले में अपराधों पर अंकुश लागने जिला पुलिस द्वारा अपराध सूचना सेवा कटनी प्रारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में प्रारंभ किये गये इस अभियान के माध्यम से आमजन से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने बताया कि मादक पदार्थों एवं घरेलू हिंसा सम्बन्धी अपराधों में अंकुश लगाने के लिए अपराध सूचना सेवा कटनी अभियान चलाकर व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि कटनी जिला अंतर्गत जुआ-सट्टा, अवैध शराब, अन्य गैर कानूनी गतिविधियां संचालित होने एवं घरेलू हिंसा, महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की जानकारी तत्काल व्हाट्सएप नंबर पर सूचित करें, सूचना पर प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कार्यवाही कराई जाएगी, साथ ही सूचनाकर्ता का नाम, पहचान पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जा रहा है कि मेरी सेवा पुस्तिका के जीवन वृत बायोडाटा पेज में मेरा नाम अंग्रेजी अक्षर में SUDHIR KUMAR KURRIA दर्ज है जबकि मेरा सही नाम अंग्रेजी अक्षर में SUDHIR KUMAR KURARIYA है, जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में लिखा है। अतः उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं, तथा मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

**सूचनादाता**
**सुधीर कुमार कुररिया**
**पिता श्रीरामदत्त कुररिया**
**पता- महात्मा गांधी वार्ड, जिला-कटनी (म.प्र.)**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग,(भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail-eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2021-22/ कटनी, दिनांक 19/05/2021

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) एवं दिनांक 29.08.2017 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र. | टेंडर आईडी क्रमांक | जिला | एस.ओ. आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) | कार्य अमानत 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021 PWDRB _142873_1 | कटनी | 29.08.17 | सड़क कार्य | परफारमेंस गारंटी के अन्तर्गत देवराकला देवरी इंदौर मार्ग में मरम्मत कार्य अनुबन्ध क्रमांक 3/डी. एल/2016-17 ठेकेदार श्री [illegible] | द्वितीय | 4.87 | 0.09740 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2021 PWDRB _142874_1 | कटनी | 01.12.20 | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग(भ/स) उपसंभाग क्र.1 कटनी के अन्तर्गत आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू कार्य | द्वितीय | 15.00 | 0.30000 | 2000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2021 PWDRB _142875_1 | कटनी | 29.08.17 | सड़क कार्य | बंजारी खजुरा गुडेहा मार्ग में बी.टी रिनुवल का कार्य लम्बाई 3.0 कि.मी | चतुर्थ | 21.34 | 0.42680 | 5000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2021 PWDRB _142876_1 | कटनी | 29.08.17 | सड़क कार्य | टिकुरी बड़खेरा पहाड़ी मार्ग लम्बाई 6.20 कि.मी. एवं विश्राम भवन पहुँच मार्ग लम्बाई 0.40 कि.मी. में बी.टी. रिनुवल का कार्य | चतुर्थ | 51.89 | 0.51890 | 10000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2021 PWDRB _142877_1 | कटनी | 29.08.17 | सड़क कार्य | बड़गांव करहिया गोदाना मोहास लालपुर पाली मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी एवं बड़गांव पहुँच मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. देवगांव सुगमा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. में बी.टी. रिनुवल का कार्य | तृतीय | 78.48 | 0.78480 | 10000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 2021 PWDRB _142878_1 | कटनी | 29.08.17 | सड़क कार्य | स्लीमनाबाद सलय्याही कैलवारा पौनिया मार्ग लम्बाई 3.55 कि.मी. एवं कैलवारा नन्हवारा अन्तर्गत बड़गांव मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. में बी.टी. रिनुवल कार्य | तृतीय | 81.41 | 0.81410 | 10000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | | योग | | 252.99 | | | |

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 252.79 लाख (दो करोड़ बावन लाख निन्यानवे हजार मात्र)

उपरोक्त वेबसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 14.06.2021 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग कटनी

जी-13154/21

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

### कार्यालय परियोजना अधिकारी, उद्यान जिला कटनी (म0प्र0)

कलेक्ट्रेट भवन कमरा नंबर 71, E-Mail :- pohkatni@gmail.com

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

**आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जिला रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति करने हेतु आवेदन आमंत्रित**

**आवेदन की अंतिम तिथि 15-06-2021**

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई स्कीम) योजना के दिशा-निर्देशानुसार जिला/क्षेत्रीय स्तर पर लाभार्थियों को हैण्ड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिये रिसोर्स पर्सन (फेसिलेटर के रूप में) चयन किया जाना है, जिस हेतु पूर्व में आवेदन चाहे गये थे परन्तु प्राप्त आवेदन विज्ञप्ति में चाहे गये पात्रता अनुसार पात्र आवेदक द्वारा जिले में कार्य नहीं कर पाने की असमर्थता व्यक्त करने के कारण पुनः विज्ञप्ति जारी की जाती है। रिसोर्स पर्सन हेतु निम्नानुसार योग्यता एवं कार्य निर्धारित हैं -

| जिला रिसोर्स पर्सन हेतु योग्यतायें | रिसोर्स पर्सन के कार्य एवं देय भुगतान |
|---|---|
| 1. ख्याती प्राप्त राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय विश्व विद्यालय/संस्थान से खाद्य प्रोद्योगिकी/खाद्य इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा/डिग्री अनुभव सहित।<br>2. ख्याती प्राप्त राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय विश्व विद्यालय/संस्थान से खाद्य प्रोद्योगिकी/खाद्य इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा/डिग्री बिना अनुभव।<br>3. ख्याती प्राप्त राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय विश्व विद्यालय/संस्थान से कृषि मे डिग्री तथा खाद्य प्रोद्योगिकी एवं डीपीआर तैयार कराने मे अनुभव। | 1. रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगों एवं समूहों को डी.पी.आर. तैयार करने, बैंक से ऋण लेने, एफ.एस.एस.आई. के खाद्य मानको, उद्योग आधार, जी.एस.टी. आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राप्त करने मे सहायता जैसी हैंड होल्डिंग सेवाएं प्रदान करेंगे।<br>2. प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर "रिसोर्स पर्सन" का भुगतान बैंक से ऋण की स्वीकृति के 20000 रूपये की दर से भुगतान किया जाएगा। 50 प्रतिशत का भुगतान बैंक ऋण की स्वीकृति के पश्चात तथा शेष 50 प्रतिशत का भुगतान उद्योग को जीएसटी एवं उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा एफएसएसएआई मानको के अनुपालन, परियोजना के इम्पलीमेंटेशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने के पश्चात किया जाएगा। |

जिला रिसोर्स पर्सन को किसी नियमित नियुक्ति के रूप में न रखा जाकर फेसिलेटर के रूप में रखा जाना है एवं योजना के दिशा-निर्देशानुसार प्रकरण आधारित भुगतान किया जाना है।

आवेदन की अंतिम तिथि 15-06-2021 है। आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय परियोजना अधिकारी उद्यान, कलेक्ट्रेट परिसर, कमरा नंबर 70, जिला कटनी में ईमेल के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर समय प्रातः 11:00 बजे से 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदक आवेदन के साथ आवश्यक अर्हता से संबंधित समस्त दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करें, बिना आवश्यक दस्तावेज के आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। जिला रिसोर्स पर्सन रखे जाने का अंतिम निर्णय जिला स्तरीय अनुमोदन समिति का होगा। जो सभी को मान्य होगा। **अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी उद्यान, कलेक्ट्रेट परिसर, कमरा नंबर 70, जिला कटनी से संपर्क किया जा सकता है।**

(आर.बी. पटेल)
परियोजना अधिकारी उद्यान
जिला कटनी

जी-13132/21

# बरही में दो दुकानों के टूटे ताले

**काउंटर एवं पर्स से रुपए किए पार**

**कटनी/बरही।** दो माह के लाकडाउन का असर देखने को मिल रहा है। एसबीआई से रुपए निकालने के बाद जहां दो किसानों के क्रमशः 75 हजार, 1लाख 10 हजार रुपए गायब हो गए, तो वही गुरुवार.शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानो की गैलरी में लगे ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित दुकानदारों ने चोरी की वारदात की सूचना बरही थाना पहुँचकर पुलिस को दी है। वारदात के संबंध में प्राप्त जानकारी मुताबिक बरही थाना के पीछे खितौली मार्ग में संचालित शिव फोटो कॉपी सेंटर के साथ ही बगल में स्थित मनोज वर्मा के पतंजलि स्टार्ट की गैलरी का ताला तोड़कर रूपर पार कर दिए। बताया गया है कि शिव फोटोकॉपी सेंटर से 3 हजार रुपए इसी तरह पतंजलि स्टोर्स के काउंटर से 4 हजार रुपए अज्ञात चोरों ने पार कर दिए।

## किसान के 1 लाख 10 हजार गायब

बरही में एक बार फिर किसान के 1 लाख 10 हजार रुपए गायब हो गए। गुरुवार की दोपहर बरही थानाक्षेत्र के ग्राम डीघी निवासी युवा किसान मुकेश पटेल 1लाख 20 हजार रुपए का चेक लेकर बरही स्थित एसबीआई शाखा पहुंचा हुआ था, जहां से उसने रुपए निकालने के बाद शाम 5 बजे तक बाजार करता रहा। शाम 5 बजे वह कटनी मार्ग में संचालित कमल बीज सेंटर खाद.बीज खरीदने पहुंचा। किसान मुकेश के मुताबिक 1 लाख 10 हजार रुपए से भरा पालीथिन की कैरी बैग उसने दुकान के काउंटर में रख दिया, जहां से उसके रुपए गायब हो गए। किसान ने इस घटनाक्रम की सूचना बरही थाना पहुंचकर पुलिस को दीए जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने दुकान संचालक को पूछताछ के लिए थाने ले गई। सवाल यह है कि रुपए निकालने के बाद किसान दिनभर बाजार घूमता रहा, उसके रुपए बाजार में पार हुआ, गिर गया या फिर दुकान से गायब हो गया यह जांच का विषय है। इसके दो दिन पूर्व ही बाल्मीक द्विवेदी नामक 75 वर्षीय किसान ने भी एसबीआई बरही शाखा से 75 हजार रुपए निकाले थेए बैंक के बाहर आने पर उनके भी जेब मे रखे 75 हजार गायब थे। दो दिन के अंतराल में रुपए गायब होना महज इत्तेफाक है या फिर नजर गड़ाए रेकी कर रहे अज्ञात बदमाशों द्वारा रुपए पार किए जा रहे है, यह जांच का मुद्दा है।

## संभागायुक्त पहुंचे अस्पताल, कोविड वार्ड का किया निरीक्षण



जबलपुर संभाग के आयुक्त बी. चंद्रशेखर आज जिले के प्रवास पर रहे। अपने दौरे की शुरूआत उन्होंने जिला चिकित्सालय से की। यहां उन्होंने आईसीयू, कोविड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मयंक अवस्थी, एसडीएम बलवीर रमन, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# पेट्रोलियम पदार्थों में वृद्धि को लेकर बिफरी कांग्रेस

### मिशन चौक पेट्रोल पंप दिया धरना, साइकिल चलाकर पहुंचे कांग्रेस नेता

**कटनी।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर आज कांग्रेस ने मिशन चौक पेट्रोल पंप पर धरना दिया। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती जा रही हैं। पेट्रोल के दाम पहले ही शतक को पार कर चुके हैं और अब डीजल भी सौ के करीब पहुंच रहा है, इसके पहले कांग्रेस नेता साइकिल चलाकर धरनास्थल पहुंचे और केन्द्र सरकार से पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने की मांग की। गौरतलब है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे आम आदमी के बजट पर बोझ बढ़ रहा है। पिछले एक साल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गजब का उछाल आया है। जिससे हर वर्ग परेशान है। डीजल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट की भी ढुलाई महंगी हो गई है। पिछले एक महीने में करीब 18 बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार वृद्धि को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज सुबह 11 बजे मिशन चौक पेट्रोल पंप पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन भी सौंपा जाना था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों मे बेतहाशा वृद्धि से अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें भी काफी बढ़ गई हैं और आमजन महंगाई से कराह रहा है। जनमानस की भावनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार आम जनता से वेट टैक्स लेना बंद करे। प्रदेश सरकार से डीजल और पेट्रोल में लगाए जाने वाले प्रादेशिक टैक्स वैट को कम करके कोरोना आपदा काल के बाद आमजन को भीषण महंगाई से राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, रामनरेश त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ला, करन सिंह चौहान, पद्मा शुक्ला, गिरधारीलाल स्वर्णकार, राकेश जैन कक्का, शिवकुमार जालिम यादव, प्रशांत जायसवाल, राजा जगवानी, मंजू निषाद, जे के सराफ, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनु दीक्षित, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा, रौनक खंडेलवाल, पंकज गौतम, मनोज गुप्ता, इस्तियाक अहमद, राकेश द्विवेदी गुड्डू, मौसूफ अहमद, कपिल रजक, राहुल पटेरिया, माया चौधरी, देवीदीन गुप्ता, हरनाम सुंदरानी, रमेश सोनी, श्याम यादव की उपस्थिति रही।



# कोरोना संक्रमण से चौपट हो गया टेंट व्यवसाय

## शादियों में 20 लोगों की अनुमति की गाइडलाइन को बदले राज्य सरकार

**फैडरैशन ऑफ मध्यप्रदेश टेंट एसोसिएशन की बैठक में कई निर्णय, सीएम के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन**

**कटनी।** कोरोना संक्रमण ने टेंट व्यवसाय को पूरी तरह चौपट कर दिया है। चार महीने के सीजन से होने वाली आय से पूरे साल गुजर-बसर करने वाले टेंट व्यवसायियों की आर्थिक हालत अब दयनीय होती जा रही है। शहर में कुछ ऐसे भी टेंट व्यवसायी हैं, जिनकी रोजी-रोटी इसी से चलती है लेकिन कोरोना संक्रमण की वजह से अब इनको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शादियों के अलावा साल भर होने वाले छोटे कार्यक्रमों से इनका गुजारा चलता था लेकिन संक्रमण की वजह से अब ऐसे कार्यक्रम भी नहीं हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा अनलॉक के लिए जारी की गई गाइडलाइन में शादियों में 20 लोगों की अनुमति दी गई है। जिससे शहर के टेंट व्यवसायियों में रोष व्याप्त है। कल गुरूवार को दिव्यांचल मैरिज गार्डन में फैडरैशन ऑफ मध्यप्रदेश टेंट एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे टेंट व्यापारियों के अलावा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही। बैठक में टेंट व्यवसायियों ने कहा कि अब जब पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी संक्रमण की रफ्तार थम गई है और सभी तरह के व्यवसायों को लगातार छूट प्रदान की जा रही है, तब इन स्थितियों में राज्य सरकार को नई गाइडलाइन जारी करते हुए कम से कम 200 लोगों की अनुमति दी जानी चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी कुछ दिनों में टेंट व्यवसायियों की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमे मांग की जाएगी कि शादियों में कम से 200 लोगों या मैरिज गार्डन में जगह के हिसाब से 50 प्रतिशत लोगों के शामिल होने की छूट प्रदान की जाए। जिससे टेंट व्यवसायियों को राहत मिल सके।



### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, सौरभ नायक, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनु दीक्षित, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज निगम, अंतू पांडे, हरजीत भाई, हरचरण सिह खनूजा, राजू खनूजा, संजय सरावगी, जित्तू निषाद, राजकुमार निगम, बालमुकंद गुप्ता, बॉबी सचदेवा, वैंकटेश गौर, मतीन खान एवं राजू गंगवानी की उपस्थिति रही।

### ये भी हुए प्रभावित

कोरोना संक्रमण की वजह से केवल टेंट व्यवसायी ही नहीं, बल्कि इस पेशे से जुड़े डेकोरेटर्स, फ्लॉवर्स, केटरर्स, हलवाई, बैंड, धमाल पार्टी, आतिशबाजी, घोड़ी, बग्घी एवं डीजे संचालक भी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

### टेंट व्यावसायियों की मांग, नई गाइडलाइन जारी करे सरकार

फैडरैशन ऑफ मध्यप्रदेश टेंट एसोसिएशन सचिव राजिल रजक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनलॉक के लिए जारी की गई गाइडलाइन में बसों में 50 प्रतिशत यात्रियों को सफर की अनुमति दी गई है। इसके अलावा ट्रेनों का भी संचालन हो रहा है। राजनीतिक दलों के आयोजन भी हो रहे हैं। बाजार लगभग पूरी तरह खोल दिया गया है, फिर शादियों में 20 लोगों की अनुमति दिया जाना समझ से परे है। एसोसिएशन की मांग है कि सरकार को नई गाइडलाइन जारी करना चाहिए। जिससे टेंट व्यवसायियों को राहत मिल सके।



# कटनी होकर चलेगी महाराष्ट्र एक्सप्रेस

### रीवा से कोल्हापुर के बीच जबलपुर-बालाघाट-गोदिंया रेलखंड से होगा परिचालन

**कटनी।** जबलपुर-बालाघाट-गोदिंया ब्राडगेज पूरा होने के बाद इसका फायदा यात्रियों को मिलने लगा है। यूपी-बिहार और कटनी-जबलपुर से दक्षिण भारत की ओर जाने और आने वाली ट्रेनों को यहां से चलाना शुरू कर दिया है। अब इन ट्रेनों की संख्या में भी इजाफा किया जा रहा है। जल्द ही कोल्हापुर-गोंदिया महाराष्ट्र एक्सप्रेस (11039/11040) को जबलपुर-कटनी से होते हुए रीवा तक चलाया जाएगा। पश्चिम मध्य रेल की रीवा-इतवारी एक्सप्रेस (01753/01754) से जोड़ा जा रहा है। दोनों ट्रेन के कोच मिलाकर फुल रैक की ट्रेन रीवा से कोल्हापुर तक चलाने का निर्णय लिया गया है। दरअसल रेलवे ने गंतव्यों तक गाड़ियों के लौटने की अवधि में कमी लाकर गाड़ी के रैक का मौजूदा यात्रियों के हितों के लिए और ज्यादा उपयोग करने की नीति के तहत यह प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इससे अब महाराष्ट्र एक्सप्रेस कोल्हापुर-नागपुर-गोंदिया तक आने के बाद बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी होते हुए रीवा तक चलने लगेगी।

### पमरे व दपूमरे के बीच समन्वय का परिणाम

महाराष्ट्र एक्सप्रेस को रीवा तक बढ़ाने के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड ने तैयार कर लिया है। पश्चिम मध्य और दक्षिण पूर्व मध्य रेल में समन्वय स्थापित होते ही ट्रेन के रीवा तक चलाने की तारीख तय कर दी जाएगी। अभी तक महाराष्ट्र एक्सप्रेस पुराने रैक लेकर चलती है लेकिन यह रीवा तक चलेगी तो एलएचबी कोच का रैक होगा। कोल्हापुर-रीवा के बीच ट्रेन की समय-सारिणी भी प्रस्तावित कर दी है। इसके मुताबिक रीवा-इतवारी के बीच अभी चल रही ट्रेन के समय में कुछ परिवर्तन के साथ महाराष्ट्र एक्सप्रेस दौड़ेगी।

### कम होगी दूरी, मिलेगी राहत

उत्तरप्रदेश और बिहार से आकर दक्षिण भारत की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों को जबलपुर के बाद नैनपुर-गोंदिया-बल्लारशाह होकर चलाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे रेलवे बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त होने पर मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग के इटारसी-जबलपुर-कटनी रेलखंड में नई यात्री ट्रेनों को चलाया जा सकता है। वहीं नैनपुर-बालाघाट ब्रॉडगेज से दक्षिण भारत की दूरी और यात्रा समय कम हो जाएगा।

### प्रयागराज से विशाखापट्टनम एक्सप्रेस भी कटनी होकर चलेगी

रेलवे के प्रयागराज से विशाखापट्टनम के लिए एक ट्रेन संचालन का प्रस्ताव है। इस ट्रेन को सतना-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया, दुर्ग-रायपुर-महासुमंद होकर चलाने की योजना है। इसको रेलवे बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त होने पर शहर से रायपुर जाने के लिए एक और ट्रेन का विकल्प बढ़ जाएगा।






# बरही पुलिस ने 6 आरोपियों से बरामद की 170 लीटर अवैध शराब

## छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप

**कटनी। बरही थाना अंतर्गत अवैध शराब की तस्करी व विक्रय करने वालों के विरूद्ध पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते 24 घंटों के दौरान पुलिस के द्वारा आधा दर्जन युवकों को पकड़ कर उनके कब्जे से 110 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की जा चुकि है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।**

पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस ने मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों पर छापा मारा और अवैध शराब विक्रेताओं को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्रीअयाची ने बताया कि बरही के वंशकार मोहल्ला में राममंदिर के आगें तालाब के पास पानी फिल्टर प्लांट के पीछे आरोपी 38 वर्षीय अजय पिता नमई वंशकार के कब्जे से 5200 रूपए कीमती 52 लीटर कच्ची महुआ शराब, 34 वर्षीय प्रीतम शोभालाल वंशकार के कब्जे से 5300 रूपए कीमती 53 लीटर कच्ची महुआ शराब, 28 वर्षीय रविशंकर पिता नमई वंशकार के कब्जे से 200 रूपए कीमती 02 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 18 वर्षीय महेन्द्र वंशकार सुभाष वंशकार के कब्जे से 300 रूपए कीमती 03 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। चारों आरोपियों से 11 हजार रूपए कीमती 110 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई है जबकि इसके पूर्व हरतला रोड पर बाइक में शराब की तस्करी करते ग्राम हदरहटा निवासी 32 वर्षीय राम सिंह पिता हेतराम सिंह गौड़ नामक युवक को 6 हजार रूपए कीमती 60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकि है। कार्यवाही में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के साथ उपनिरीक्षक गोपाल सिंह, सहायक उपनिरीक्षक हुकुम सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

### 1209 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस

**कटनी।** आज जिले में 1209 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस मिला है। जिले में अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9359 हो गई है। आज एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को सुप्राटेक लैब इंदौर से 626 सेम्पल की रिपोर्ट मिली है। जिसमे एक भी पॉजीटिव केस नहीं है। इसी तरह रेपिड एंटीजन टेस्ट की 593 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस है। पिछले 24 घंटे में एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। जिले में अब तक 9235 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।


**यशभारत हैल्पलाइन**
**अखबार की प्रति के लिए फोन करें– 230033**



**किराए से देना है**

बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

**संपर्क करें– 9424849034, 7052191771,9425155542**








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)